दिन– बुधवार    दिनांक– 18 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से।    टंकक– प्रह्लाद कुमार

---

01. राज्य के चौबीस जिलों में होने वाले नगरपालिका चुनाव, उप चुनाव और आम चुनाव को लेकर तेरह मई को नयी मतदाता सूची को होगा प्रकाशन।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई और नवादा जिले को कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को घबराहट में बुकिंग नहीं करने की सलाह।

04. और, बिहार महिला कबड्डी लीग का खिताब मगध वॉरियर्स ने जीता। सारण स्ट्राइकर्स बनी उपविजेता।

————————————————————

राज्य के चौबीस जिलों में होने वाले नगरपालिका चुनाव, उप चुनाव और आम चुनाव को लेकर तेरह मई तक नयी मतदाता सूची तैयार होगी। इसे लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। आयोग ने कहा है कि बिहार विधानसभा की मतदाता सूची का इक्कीस मार्च तक वार्डवार विखंडन किया जायेगा। पन्द्रह अप्रैल तक मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित होगा। वहीं, पन्द्रह से अट्ठाईस अप्रैल तक दावा–आपत्ति ली जायेगी। चार मई तक इसका निराकरण किया जायेगा। तेरह मई को अंतिम सूची प्रकाशित कर दी जायेगी।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई और नवादा जिले के दौरे पर रहेंगे। जमुई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तीन सौ बारह करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ नवासी योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे छह सौ दो करोड़ रूपये लागत की एक सौ इक्यासी योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। इधर, हमारे नवादा संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के क्रम में जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

———साउंड बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवादा में आयोजित कार्यक्रम में पचपन करोड़ रूपये की लागत से निर्मित सैंतीस योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे दो सौ चौवालीस करोड़ रूपये की इक्कीस योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री जिले में चलायी जा रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। श्री कुमार का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा अशोक प्रियदर्शी।

————————————————————

जदयू के निवर्तमान अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन की अंतिम तारीख बाईस मार्च है। एक से अधिक नामांकन होने पर सत्ताईस मार्च को चुनाव होंगे। यदि एक ही नामांकन हुआ तो नाम वापसी के दिन ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की विधिवत घोषणा कर दी जाएगी।

————————————————————————

पूर्व सांसद और जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने पार्टी छोड़ दी है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री त्यागी ने कहा कि अपने भविष्य के कदम को लेकर जल्द फैसला करेंगे।

———साउंड बाईट———

श्री त्यागी ने पार्टी के गठन से ही विभिन्न पदों पर कार्य किया था। इस दौरान उन्होंने प्रधान महासचिव, मुख्य प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

————————————————————————

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा है कि राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। श्रीमती सिंह ने पटना में घरेलू गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से भ्रामक और अपुष्ट खबरों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

———साउंड बाईट———

श्रीमती सिंह ने कहा कि घरेलू गैस उपभोक्ता किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे विभाग के नियंत्रण कक्ष या जिलों के नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर है– शून्य छह एक दो– दो दो तीन तीन शून्य पांच शून्य।

पटना जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। प्रशासन के अनुसार जिले में कुल एक सौ छत्तीस गैस एजेंसियां हैं। एक दिन में औसतन पैंतीस हजार से अधिक गैस सिलेंडर की बुकिंग की जा रही है। उपभोक्ता जरूरत पड़ने पर जिला एलपीजी हेल्पलाईन नम्बर–शून्य छह एक दो– दो दो एक– नौ आठ एक शून्य पर सम्पर्क कर सकते हैं। इधर, सुपौल जिला प्रशासन ने गैस सिलेंडर वितरण में अनियमितता बरतने के मामले में एक एजेंसी को सील कर दिया है।

————————————————————————

बिहार विद्युत विनियामक आयोग आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आज नई बिजली दरों की घोषणा करेगा। इस बार बिजली कंपनी ने सभी श्रेणियों में पैंतीस पैसे प्रति यूनिट वृद्धि का प्रस्ताव दिया था। आयोग ने पटना सहित अन्य जिले में इस मामले में आम लोगों से राय ली थी। जनसुनवाई के बाद आयोग ने बिजली कंपनी से भी आवश्यक दस्तावेज मांगे थे। इसके बाद आयोग ने नई दर तय की है।

———————————————————————

प्रदेश की दस नदियों के पांच सौ सड़सठ किलोमीटर क्षेत्र से गाद निकाली जाएगी। इस योजना पर छह सौ छब्बीस करोड़ रुपए खर्च होंगे। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस साल के अंत तक संबंधित योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बाया, पुरानी कमलाधार, जीवछ, जीवछ कमला, पुरानी कमला, बलान, सुरसर, रमजान, तिलाबे और अधियारा नदी से गाद निकाली जाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि इस परियोजना से वैशाली, समस्तीपुर, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, सहरसा और नालंदा जिले लाभांवित होंगे।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने आमस–दरभंगा राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ हिस्सों के निर्माण पर लगी रोक को हटा लिया है। न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी की एकलपीठ ने एनएचएआई की ओर से दायर याचिका को मंजूर करते हुए ट्रिब्यूनल के रोक संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने मधुबनी के जयनगर में तैनात विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईओयू की टीम को मनोज कुमार रजक की सत्रह साल की सेवा में सौ करोड़ रूपये की संपत्ति बनाने की जानकारी मिली है। जांच अधिकारियों के अनुसार छापे में बरामद दस्तावेजों की जांच और सत्यापन के बाद पूरी संपत्ति का पता चलेगा। छापे में अभियंता की संपत्ति बिहार के साथ–साथ नेपाल और पश्चिम बंगाल में भी होने के प्रमाण मिले हैं। मनोज कुमार और उनके परिजनों के नाम पर सिलीगुड़ी, दरभंगा, सुपौल के करजाईन और अररिया में तीन करोड़ रूपये मूल्य के सत्रह भूखंडों और गैस एजेंसी तथा पेट्रोल पंप की जानकारी मिली है। अभियंता के विरुद्ध आय से बासठ दशमलव छह छह फीसदी अधिक संपत्ति की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

———————————————————————

होली के बाद सारण जिले में पांच लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई थी। मृतकों के पास बरामद रसायन की जांच में इसकी पुष्टि हुई है। मद्य निषेध और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के अपर महानिदेशक अमित कुमार जैन ने पटना में संवाददाताओं

से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री जैन ने बताया कि सारण के मशरक और पानापुर में पांच लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में दस अभियुक्त नामजद किए गए थे। इनमें से मुख्य अभियुक्त सूरज महतो समेत कुल छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अब तक पानापुर में एक हजार पचास लीटर, जबकि मशरक में छह सौ पचास लीटर स्पिरिट बरामद की जा चुकी है।

———————————————————————

महिला और बाल विकास निगम द्वारा पटना के ज्ञान भवन में आयोजित महिला मेगा जॉब फेयर में छह हजार एक सौ पैंतीस अभ्यर्थियों को विभिन्न कम्पनियों ने ऑफर लेटर प्रदान किया। निगम की प्रबंध निदेशिका बंदना प्रेयषी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चयनित महिलाओं को औसतन दो लाख चालीस हजार रूपये का पैकेज मिलेगा। दो अभ्यर्थियों को पांच लाख चालीस हजार रूपये के पैकेज पर नौकरी मिली है।

———————————————————————

बिहार महिला कबड्डी लीग में मगध वॉरियर्स की टीम चैंपियन बनी है। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के फाईनल मैच में मगध वॉरियर्स ने सारण स्ट्राइकर्स को चौबीस–इक्कीस से पराजित किया। सीवान टाइटंस टीम तीसरे स्थान पर रही। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरण ने बताया कि महिला कबड्डी लीग की विजेता टीम को साढ़े छह लाख रूपये प्रदान किये जायेंगे। वहीं, उप विजेता को साढ़े तीन लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को ढ़ाई लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रतियोगिता की बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर और ओवर ऑल बेस्ट प्लेयर को नकद राशि के साथ एक–एक स्कूटी भी पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी।

———————————————————————

पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के छाता गांव स्थित ठाकुरबाड़ी से चोरों ने अष्टधातु की तीन मूर्तियां चुरा ली। लगभग दो सौ वर्ष पुरानी श्रीराम–जानकी और लक्ष्मण जी की चोरी गईं मूर्तियों का बाजार मूल्य सात करोड़ रुपए से अधिक बताया जा रहा है।

———————————————————————

गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के पुरनीबथान स्थित ईंट भट्ठे से प्रशासन ने बासठ बंधुआ मजदूरों और उनके परिजनों को मुक्त कराया है। मौके से मुंशी देवेन्द्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

नवादा जिले की रजौली पुलिस ने नौ वर्षों से फरार कुख्यात नक्सली शत्रुघ्न राम को जहानाबाद से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

गया हवाई अड्डे से कस्टम विभाग ने दस किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य दस करोड़ रुपये बताया जाता है।

———————————————————————

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से भारी मात्रा में शराब के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है— पूर्वी चंपारण मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर, जवान शहीद।

दैनिक जागरण लिखता है— दूसरा एलपीजी जहाज भी भारत पहुंचा, लेकिन घरेलू आपूर्ति चिंताजनक।

प्रभात खबर ने लिखा है— मधुबनी में तैनात बिजली कंपनी के इंजीनियर मनोज रजक के सात ठिकानों पर रेड, इंजीनियर ने बनाई बिहार से नेपाल तक संपत्ति, सत्रह प्लॉट और पेट्रोल पंप के कागज मिले।

दैनिक भास्कर लिखता है— बिजली कितनी सस्ती अंतिम निणर्य आज। प्री—पेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को पच्चीस पैसे प्रति यूनिट छूट की सम्भावना।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं— समृद्धि यात्रा के चौथे चरण में भागलपुर और बांका पहुंचे मुख्यमंत्री।

आज अखबार ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है— गोद लेने वाली महिलाओं को बारह हफ्ते मिलेगी मैटरनिटी लीव। सुप्रीम कोर्ट ने कहा तीन महीने से अधिक उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्य के चौबीस जिलों में होने वाले नगरपालिका चुनाव, उप चुनाव और आम चुनाव को लेकर तेरह मई को नयी मतदाता सूची को होगा प्रकाशन।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई और नवादा जिले को कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को घबराहट में बुकिंग नहीं करने की सलाह।

04. और, बिहार महिला कबड्डी लीग का खिताब मगध वॉरियर्स ने जीता। सारण स्ट्राइकर्स बनी उपविजेता।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।